

# मुख्यमंत्री आज उत्कर्ष उज्जैन पोर्टल का करेंगे शुभारंभ, विक्रम उद्योगपुरी का समाहित रहेगा डाटा

## विक्रम उद्योग पुरी के संबंध में मिलेगी रोजगार की जानकारी, उज्जैन समेत पुर मध्य प्रदेश को लगे विकास के पंख

**उज्जैन। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सोमवार को उज्जैन प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान नगर निगम उज्जैन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सिंहस्थ-2028 के अंतर्गत विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। नानाखेड़ा क्षेत्र में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मिनट-टू-मिनट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकास योजनाओं की सौगात देंगे।**

विक्रम उद्योगपुरी को लेकर उज्जैन तेजी से औद्योगिक नक्शे पर उभर रहा है। यहां सैकड़ों औद्योगिक प्रोजेक्ट आकार ले रहे हैं। कई एमओयू पहले ही साइन हो चुके हैं और देश-विदेश की फैक्ट्रियां उज्जैन में स्थापित होने जा रही हैं। इन उद्योगों के माध्यम से हजारों युवाओं को रोजगार मिलने की संभावनाएं हैं।

Utkarshujjain.com पोर्टल के माध्यम से अब कोई भी व्यक्ति एक ही क्लिक में यह जान सकेगा कि विक्रम उद्योगपुरी में कौन-कौन से उद्योग संचालित हैं। कौन-से नए उद्योग आने वाले हैं, निर्माण कार्यों की प्रगति क्या है, उद्योगों में प्रोडक्शन की स्थिति क्या है। कहां-कहां रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं तथा एमपीआईडीसी के माध्यम से प्रदेश और उज्जैन संभाग को कौन-कौन सी औद्योगिक सौगातें मिल रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में उद्योग और अधोसंरचना विकास को नई गति मिली है। उज्जैन में औद्योगिक निवेश के साथ-साथ सड़क, परिवहन, कौशल विकास और तकनीकी नवाचार पर विशेष फोकस किया जा रहा है। विक्रम उद्योगपुरी के माध्यम से उज्जैन को जहां आर्थिक मजबूती मिल रही है, वहीं पूरे प्रदेश को विकास के नए पंख लगते दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री का यह दौरा उज्जैन के लिए औद्योगिक, तकनीकी और अधोसंरचनात्मक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



### यह रहेगा सीएम का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम

दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री का कार्यक्रम स्थल पर आगमन, दोपहर 3 .5 बजे विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण, दोपहर 3 .15 बजे द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, दोपहर 3 .17 बजे, मुख्यमंत्री का महापौर द्वारा स्वागत, दोपहर 3 .18 बजे निगम अध्यक्ष द्वारा स्वागत, दोपहर 3 .19 बजे अन्य अतिथियों का एमआईसी सदस्य एवं अपर आयुक्त आयुक्त द्वारा स्वागत, दोपहर 3 .25 बजे महापौर का स्वागत उद्बोधन, दोपहर 3 .30 बजे मुख्यमंत्री द्वारा Utkarshujjain.com पोर्टल का अनावरण एवं कौशल सेतु इंडस्ट्री लीड स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का डिजिटल शुभारंभ, दोपहर 3 .32 बजे मुख्यमंत्री द्वारा प्रोजेक्ट स्वाध्याय का डिजिटल शुभारंभ दोपहर 3 .35 बजे राज्यसभा सांसद का उद्बोधन दोपहर 3 .40 बजे सांसद का उद्बोधन, दोपहर 3 .45 बजे प्रभारी मंत्री का उद्बोधन, दोपहर 3 .50 बजे मुख्यमंत्री उद्बोधन दोपहर 4 बजे आभार प्रदर्शन एमआईसी सदस्य द्वारा एवं कार्यक्रम का समापन। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उत्कर्ष उज्जैन डॉट कॉम पोर्टल का लोकार्पण करेंगे। यह पोर्टल उज्जैन और मध्य प्रदेश के औद्योगिक एवं विकास कार्यों की जानकारी को एक ही मंच पर उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसके साथ ही कौशल सेतु इंडस्ट्री लीड स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम और प्रोजेक्ट स्वाध्याय का भी डिजिटल शुभारंभ किया जाएगा।

### मंत्री बोले- केंद्र मंदिर, संस्कृति के संवाहक हैं पुजारी

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मंदिर आस्था के केंद्र हैं और पुजारी संस्कृति के संवाहक हैं। लोधी रविवार को कालिदास संस्कृत अकादमी के पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल सभागृह में आयोजित पुजारी उन्मुखीकरण कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य पुजारियों को धार्मिक परंपराओं, पूजा-विधि, कर्मकांड के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज एवं विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा उपस्थित रहे। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग तथा कालिदास संस्कृत अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में देवालयों के सांस्कृतिक महत्व, विधि-विधान एवं कर्मकांड, तथा मंदिरों के प्रशासन और प्रबंधन पर सत्र आयोजित किए गए। साथ ही पारदर्शिता, अनुशासन और जनसुविधाओं से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में देवस्थान दर्शन उज्जैन संभाग पुस्तिका, दिनदर्शिका, डायरी एवं राम-पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

## श्री मेढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार पंचायत न्यास की सभा संपन्न

**उज्जैन।** रविवार को श्री मेढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार पंचायत न्यास उज्जैन की साधारण सभा का आयोजन स्थानीय माधव क्लब में किया गया।

साधारण सभा समाज अध्यक्ष अरविन्द वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। साधारण सभा में एजेंडा के अनुसार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर समाज बंधुओ ने अपनी सहभागिता कर साधरण सभा में विगत वर्ष 2024-25 के आय व्यय पत्रक के साथ ही एजेंडे पर चर्चा की गई। समाज हित मे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर समाज के उत्थान के लिए निर्णय लिए गए। साधारण सभा बैठक में समाज की धरोहर धर्मशाला की रुपरेखा तय की गई। जिसमें सभी सामाजिक बंधुओ ने अनुमोदित किया साधारण सभा में युवाओं को मताधिकार के लिए सुझाव को अमल में लाते हुए अगले वर्ष से नियम के अंतगर्त सामाजिक युवा जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो उसे मतदान करने का अधिकार प्रदान किया जाएगा। अध्यक्ष अरविंद वर्मा ने सभी सामाजिक बंधुओ से अपील की है कि सामाजिक कल्याण एवं उत्थान के लिए सामाजिक कार्यक्रमों में सहभगिता कर समाज को आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर सहसचिव देवेंद्र रुगरेचा, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार भवण, सचिव आनंदीलाल कुलथिया, कोषाध्यक्ष मोहनलाल सरड़ीवाल, विजय कुकरा, आशीष सारडीवाल, विजय रोडा, आशीष दसानिया सहित समाज जन उपस्थित रहे।

# जानलेवा चाइना डोर से कटी बाइक सवार की नाक

**उज्जैन। प्रतिबंध लगा होने के बाद भी चाइना डोर से पतंगबाजी हो रही है। शाम बाइक सवार की नाक कट गई। डॉक्टरों को टांके लगाकर उपचार करना पड़ा। प्रतिबंध लगा होने के बाद अब तक चार हादसे सामने आ चुके हैं।**

आगररोड गायत्री नगर में रहने वाला तुलसीराम पिता रामलाल राठौर 52 साल हलवाई का काम करता है। शाम को दोस्त की बाइक से घर लौट रहा था। आगररोड इंदिरानगर मार्ग से गुजरते समय अचानक चाइना डोर चेहरे पर आ गई। बाइक पर पीछे बैठा तुलसीराम कुछ समझ पाता डोर से उसकी नाक का ऊपरी हिस्सा और आंखों की दोनों ओर कट लगा गया।



खून निकलने पर दोस्त तत्काल उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टर जितेन्द्र शर्मा ने परीक्षण के बाद नाक पर गहरा जख्म होने पर टांके लगाने की बात कहीं। तुलसीराम की नाक के ऊपर 3 से 4 टांके लगाये गये है। चाइना डोर का शिकार बना तुलसीराम पहले से दुर्घटना में घायल था, उसका एक हाथ फैक्चर है, जिस पर पट्टा चढ़ा हुआ है। गौरतलब हो कि आगररोड खिलचीपुर पुलिया के पास कुछ दिन पहले भी योगेश आंजना निवासी पिपलिया धूमा झारड़ा का गला कट गया था, उसे 10 टांके लगाने पड़े थे। योगश एग्रीकल्चर का छात्र है और परीक्षा देकर दोस्त के साथ घर लौट रहा था। इससे पहले जीरो पाइंट ब्रिज पर भी छात्र का गला कटा था, जिसे टांके लगाना पड़े थे।

### बंद मकान से मिली प्रिंसिपल की 8 दिन पुराना शव

उज्जैन। शासकीय विद्यालय की प्रिंसिपल का बंद मकान से 8 दिन पुराना शव मिला सामने आया है। प्रिंसिपल अकेली रहती थी, विद्यालय नहीं आने पर शिक्षक उनके घर पहुंचे थे और पुलिस को बुलाया था। चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि खाचरौद तहसील के ग्राम बटलावदी शासकीय विद्यालय से कुछ शिक्षक शाम को उज्जैन पहुंचे थे, उन्होंने सूचना देकर बताया कि उनके शासकीय विद्यालय की प्रिंसिपल विमला पाटिल 55 साल ग्रेटर रतन एवेन्यू में रहती है। 8 दिनों से विद्यालय नहीं आई है और उनका मोबाइल भी नहीं लग रहा है। उनके मकान का दरवाजा भी बंद है। शिक्षक गणों की सूचना पर पुलिस ग्रेटर रतन एवेन्यू पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था, शंका होने पर दरवाजा तोड़ा गया तो प्रिंसिपल मृत अवस्था में पलंग लेटी मिली। कमरे में दुर्गंध भी आने लगी थी, शव 8 से 9 दिन पुराना हो चुका था, बॉडी पूरी तरह से फूल चुकी थी। संभवत: हार्ट अटैक से मौत होना प्रतीत हो रहा था। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया गया है। परिजनों का पता लगाकर जानकारी दी गई और रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक प्रिंसिपल मकान में अकेली रहती थी(

### शिप्रा स्नान के बाद महिला की बिगड़ी तबीयत

उज्जैन। औरंगाबाद से परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर आई महिला श्रद्धालु की रविवार सुबह शिप्रा स्नान के बाद तबीयत बिगड़ गई। जिसे उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि औरंगाबाद की रहने वाली सुनीता पति कमलेश 35 वर्ष परिवार के साथ तड़के 4 बजे ट्रेन से उतरी थी। परिवार सीधा नहान के लिए रामघाट पहुंच गया। इस दौरान कड़ाके की ठंड के बीच आस्था की डुबकी लगाने के लिए सुनीता नदी में उतर गई। पानी अधिक ठंडा होने और सुबह का तापमान 7 से 8 डिग्री होने के बीच सुनीता ठंड से ठिठुर गई और उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। हालत देख परिवार ने लोगों की मदद से उपचार के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने भर्ती किया है।

## तराना रोड फाटक गेट क्रमांक 45 पर तीन रात रहेगा आवागमन बंद

**उज्जैन।** रेलवे द्वारा मक्सी मुख्य मार्ग पर स्थित रामनगर ब्रिज क्रमांक 45 पर अर्जेंट मेंटेनेंस कार्य किए जाने के चलते 28 से 30 दिसंबर तक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तराना रोड़ की फाटक पर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। पश्चिम रेलवे एवं संबंधित विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जानकारी के अनुसार उज्जैन-मक्सी रेलखंड के अंतर्गत आने वाले रामनगर ब्रिज पर तकनीकी मरम्मत आवश्यक हो गई है। इसी कारण 28 दिसंबर की रात 10 बजे से 29 दिसंबर सुबह 6 बजे तक, 29 दिसंबर की रात 10 बजे से 30 दिसंबर सुबह 6 बजे तक तथा 30 दिसंबर की रात 10 बजे से 31 दिसंबर सुबह 6 बजे तक इस मार्ग से सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इस अवधि में छोटे-बड़े और भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह रोका जाएगा। मेंटेनेंस कार्य के दौरान वैकल्पिक मार्गों से आवागमन की व्यवस्था की गई है, ताकि यात्रियों को अनावश्यक परेशानी न हो। प्रशासन ने पुलिस विभाग, ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों को यातायात नियंत्रण की जिम्मेदारी सौंपी है। वाहन चालकों से अपील की गई है कि निर्धारित समय में इस मार्ग से गुजरने से बचें और वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें, जिससे मरम्मत कार्य सुरक्षित और समय पर पूरा किया जा सके।

## स्कूल से लौट रही बहनों से छेड़छाड़ करने वाला पकड़ाया

**उज्जैन। स्कूल से लौटते समय 2 छात्रा बहनों का पीछा करने और छेड़छाड़ करने वाला ई-रिक्शा चालक पुलिस की हिरासत में आ गया। जिससे पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।**

पंवासा थाना एएसआई संतोष राव ने बताया कि 24 दिसंबर की देर शाम क्षेत्र में रहने वाली 2 नाबालिग बहनों ने परिजनों के साथ थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि स्कूल से साथ घर लौटती है। शाम 5.30 बजे जब स्कूली की छूट्टी होने पर वह ऑटो का इंतजार कर रही थी, उसी दौरान ई-रिक्शा चालक क्रमांक एमपी 13 झेड व्हाय 3470 के चालक ने उन्हें बैठने के लिये कहा। दोनों छात्रा बहनों से उसे नशे की हालत में देख मना कर दिया और अपनी ऑटो आने पर उससे घर लौटने लगी। लेकिन ई-रिक्शा चालक ने उनका पीछा किया और घर तक आ गया। दोनों बहने ऑटो से उतरकर घर जाने लगी तो रिक्शा चालक ने उनके साथ छेड़छाड़ की और अभद्रता शब्द कहने लगा। दोनों बहने भागकर घर पहुंची और परिजनों को घटना बताई। छात्रा की शिकायत पर छेड़छाड़ और अभद्रता का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और 48 घंटे की तलाश के बाद शनिवार को रिक्शा चालक अरूण उर्फ सोनू पिता कैलाशचंद्र भील निवासी भारत पेट्रोल पंप के पीछे मक्सीरोड को श्री सिंथेक्टिक चौराहा से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## प्रीति नगर में हिन्दू युवती के घर से पकड़ाया मुस्लिम युवक

**उज्जैन। हिन्दू युवती के घर से रविवार शाम मुस्लिम युवक को क्षेत्रवासियों ने पकड़ा और पुलिस को बुलाया। युवक ने भागने का प्रयास किया और दूसरे घर में छुप गया था। जिसे थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।**

चिमनगंज थाना क्षेत्र के दारू गोदाम के पास बने प्रीतिनगर में रहने वाले हिन्दू परिवार के घर से एक मुस्लिम युवक का लगातार आना-जाना बना हुआ था। वह क्षेत्र की महिलाओं और युवती पर भी बुरी नजर रखता था। उसकी हरकतों से




रहवासी परेशान हो चुके थे। रविवार को भी उक्त मुस्लिम युवक हिन्दू युवती के घर पहुंचा था, उसी दौरान क्षेत्रवासियों ने घेराबंदी कर दी और पुलिस को सूचना दी। हिन्दू युवती के घर में मौजूद मुस्लिम युवक ने छत के रास्ते कूद कर समीप के घर में छुपने का प्रयास किया, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया और पूछताछ की तो उसका नाम अखलाक निवासी धार होना सामने आया। उसका कहना था कि जिस परिवार के यहां आया था, उससे पुराने संबंध है। फिलहाल पुलिस युवक को थाने लेकर आई है। जहां उक्त युवती के परिवार को बुलाया गया। पुलिस के अनुसार हिन्दू युवती से पूछताछ के बाद मामले में आगे वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

**मंदिर विजय दिवस** 54 वें विजय दिवस पर कर्नल पीवी हरि व टीम ने किए दर्शन, वीआईपी ने भी मत्था टेका मंदिर में

# ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति : महाकाल मंदिर में पूर्व सैनिकों ने किया विजय अमृत कलश का पूजन

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में पूर्व सैनिकों ने रविवार को विजय अमृत कलश का पूजन किया। पूर्व सैनिक 54 वें विजय दिवस तथा 27 वें कारगिल विजय दिवस के साथ राष्ट्र की सफल सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में भगवान महाकाल के दरबार में पहुंचे थे। भारतीय सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल कर्नल पीवी हरि के नेतृत्व में पहुंचा व दर्शन-पूजन किया। नंदी हॉल में कलश रखकर पूजन किया व पुष्पांजलि अर्पित की। पीवी हरि ने कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि है। मंदिर समिति ने भी



पूर्व सैनिकों के दर्शन के लिए आवश्यक व्यवस्था की। समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर ने प्रतिनिधिमंडल का सम्मान किया। इसके साथ ही मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र लोधी रविवार को उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने मंदिर के नंदीहाल में बैठकर भगवान के दर्शन व पूजन संपन्न कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से मंत्री का स्वागत किया गया।

### महाकाल के गर्भगृह में 2 घंटे रोज आम प्रवेश दिया जाएं



उज्जैन जिला विकास समन्वय तथा निगरानी समिति दिशा की बैठक में को उज्जैन-आलोट के सांसद अनिल फिरोजिया ने महाकाल मंदिर के गर्भगृह में रोजाना 2 घंटे आम श्रद्धालुओं को प्रवेश देकर दर्शन कराने की मांग कर सब को चोक दिया। सांसद ने भरी बैठक में कहा कि गर्भगृह में लगे आम प्रवेश से प्रतिबंध हटा देना चाहिए। बैठक में महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं उज्जैन के कलेक्टर रोशन कुमार सिंह भी मौजूद थे। सांसद फिरोजिया ने उनकी तरफ इशारा करते हुए कहा कि प्रतिदिन कम से कम 2 घंटे के लिए श्रद्धालुओं को गर्भगृह में जाने दिया जाएं। बैठक की अध्यक्षता सांसद फिरोजिया खुद कर रहे थे। महाकाल के गर्भगृह में प्रवेश को लेकर उन्होंने कहा कि मेरी 85 वर्षीय मां पैरों से चलने में असमर्थ होने के बावजूद दर्शन के लिए मंदिर जाती हैं, लेकिन गर्भगृह में प्रवेश नहीं मिलने से उन्हें निराशा होती है। उन्होंने बताया कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु भी वर्तमान व्यवस्था से असंतुष्ट हैं। सांसद ने कलेक्टर को इस व्यवस्था में बदलाव करने को कहा। उन्होंने इस व्यवस्था को सुचारू चलाने के लिए स्लॉट बुकिंग या कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया।

## एक नजर में



### जरूरतमंदों को प्रदान किए कंबल

**उज्जैन।** स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, मैं इसे लेकर रहूंगा, का नारा देने वाले महान क्रांतिकारी लोकमान्य तिलक एवं हजजानी जैनाबाई अ. करीम की स्मृति में सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के संयुक्त तत्वाधान मे लगातार तीसरे सप्ताह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार भाटी एवं संयोजक विकार अहमद के नेतृत्व मे जरूरतमंदों के लिए नेकी का वाहन चलाया गया। संस्था अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि इस सप्ताह महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित लोकमान्य तिलक एवं हजजानी जैनाबाई अब्दुल करीम की स्मृति में नेकी का वाहन का शुभारंभ एटलस चौराहे से वरिष्ठ समाजसेवी हाजी नईम भाई शेख ने किया। अपने अतिथि उद्बोधन में हाजी नईम भाई शेख ने कहा इस सर्द रात में सर्दी में जो लोग बेघर और निर्धन है उनके लिए सर्द रात गुजारना जीवन से युद्ध करने के बराबर है। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती रहती है। संस्था द्वारा लगातार तीसरे सप्ताह नेकी का वाहन का संचालन संस्था का यह सार्थक प्रयास है। अन्य सामाजिक संगठनों को भी जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देगा। हम सभी को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उपाध्यक्ष सैयद उस्मान हसन एवं सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया नेकी के वाहन का संचालन नगर के विभिन्न भागों में किया गया एवं जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए। कपिल भारद्वाज, डॉ. शकील अंसारी, युसूफ कुरैशी, वकील मंसूरी, सोनू सिंह आनंद, अबू बकर मंसूरी, वसीम कुरेशी एडवोकेट, सलीम पाकीजा, शकीर शेख, आजम खान का सराहनीय सहयोग रहा। समाजसेवी इकबाल उस्मानी ने बताया कि जो भी जरूरतमंद कंबल लेना चाहते हैं तो वह संस्था कार्यालय 48 अमरपुरा से प्राप्त कर ले। उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर एवं प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।



### 32 मरीजों का मोतियाबिंद निकला

**उज्जैन।** नव युवक सामाजिक परस्पर सहयोग समिति द्वारा रविवार को मक्सी रोड स्थित पंड्याखेड़ी में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 253 लोग नेत्र का परीक्षण करवाने पहुंचे। जिनमें से 32 लोगों को मोतियाबिन्द निकला, जिन्हें बाद में मक्सी स्थित मुरलीधर कृपा हास्पिटल ऑपरेशन के लिए बस से पहुंचाया गया। संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि वार्ड क्रमांक 41 में एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन रविवार को सुबह 10 बजे किया। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर महामंत्री आनंद खींची, मुकेश यादव, पार्षद पुरुषोत्तम मालवीय, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी, राजकिशोर सिंह, लक्की दरबार, लोकेन्द्र सिंह, आर्यन सिंह, हर्षवर्धन सिंह, राजपूत सिंह और विशाल पांचाल भी मौजूद रहे। शिविर में क्रमांक 41 के रहवासी अपनी आखों का परीक्षण करवाने पहुंचे थे। कुल 253 लोगों ने नेत्र परीक्षण करवाया। जिनका परीक्षण मुरलीधर कृपा हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, मक्सी के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुशील शर्मा, संदीप चौधरी, योगेश द्वारा किया गया। परीक्षण के दौरान 32 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद बिंद निकला, जिन्हें बस द्वारा हास्पिटल पहुंचाया गया। जहां ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण नि:शुल्क किया जाएगा। नेत्र परीक्षण के दौरान दवाइयां भी वितरित की गई है। शिविर का समापन दोपहर 2 बजे हुआ।



### आध्यात्मिक और रोजगार इकाई का सम्मान

**उज्जैन।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा आध्यात्मिक और रोजगार ब्राह्मण महिला इकाई की सदस्यों को अलग अलग क्षेत्र में सम्मानित किया गया। जिसमें समीक्षा व्यास को रोजगार उद्यमी एवं समाज सेविका सम्मान, सोनाली जोशी को राजनीति के क्षेत्र में, तरुणा जोशी को कला एवं समाज सेविका के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद महाराज थे। अखिल भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी, राष्ट्रीय पदाधिकारी महिला इकाई निशा त्रिपाठी, अंजना शुक्ला, कीर्ति मोड़, अर्चना ज्ञानी, वर्षा जोशी, मंजू व्यास, संध्या व्यास, अलका व्यास, नेहा व्यास, दीप्ति त्रिवेदी, ऋचा जोशी, सुरक्षा तिवारी, अनामिका व्यास, अर्चना उपाध्याय, मीना उपाध्याय, नेहा उपाध्याय, प्रीति शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



### अंतिम संस्कार दिवस पर विशेष समागम

**उज्जैन।** गुरुद्वारा दशमेश दरबार के प्रमुख सेवादार जसवंत सिंह मक्कड ने बताया कि छोटे साहिबज़ादे जोरावर सिंह, फतेह सिंह एवं माता गुजरी का अंतिम संस्कार दिवस पर पवन दीप सिंह कानपुरी विशेष कीर्तन समागम किया गया। उन्होंने अपने शब्द कीर्तन में कहाकि जिस मनुष्य के मन में तन में वह परमात्मा ही बसा रहता है हर एक जीव उसकी शोभा करता है। यह पूरे गुरु की बख्शीश है। उस परमात्मा की शरण में टिके रहना उसका नाम सिमरन करना इस तरीके से आत्मिक अडोलता में टिक के उसमें लीन हो जाना है। शब्द में कहा गया कि मानव अगर तुझे प्रेम का खेल खेलने का शौक है तो अपना सर तली पर रख कर मेरी गली में आ लोक लाज छोड़कर अहंकार दूर करके आ। गुरुद्वारा दशमेश दरबार के प्रमुख सेवादार जसवंत सिंह मक्कड ने बताया कि बताया कि गुरुद्वारा में प्रति रविवार सुखमणि साहिब का पाठ होता है एवं लंगर की सेवा भी की जाती है। कीर्तन समागम के उपरांत अरदास की गई और अटूट लंगर का वितरण हुआ।

यूजेएन-1

गुरुसप्तमी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

मक्सी। नगर में विराजित श्रीमद विजय राजेन्द्र सुरीश्वर के जन्मदिवस एवं स्वर्गारोहण दिवस पौष सुदी सप्तमी को गुरुभक्तों द्वारा महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। पूरे भारत में एकमात्र मक्सी जैन तीर्थ में 21 साल के गुरुसप्तमी का लाभ लेने वाले लाभार्थी निश्चित है। इस वर्ष का लाभ दिनेश कुमार, निलेश कुमार चंद्रावत परिवार भरड़ वाले ने लिया। मंदिर को लाइट एवं पुष्प से सजाया गया। प्रातः वरघोड़ा निकला जो गुरुमंदिर से नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ गुरुमंदिर पहुंचा। वरघोड़ा (जुलूस) में लाभार्थी का जगह जगह समाजजनों एवं सामाजिक संस्थाओं ने स्वागत किया। सभी कार्यक्रम में जैन श्री संघ अध्यक्ष नंदकिशोर गादिया, नरेन्द्र वेदमूथा, सुभाष जैन, नरेंद्र जैन, दीपक सालेचा, श्रीपाल वेद कटारिया, सुरेंद्र जैन, डॉ. अश्विन ओसवाल, शांतिलाल कोठारी, भूपेंद्र जैन, विमल कासवा, अशोक कुमार धारीवाल, विमल कुमार कासवा, चित्रांश वेदमूथा, सतीश धारीवाल, पप्पू जैन, रजनीश मंडावत् भानेज, सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मंदिर में गुरुसप्तमी महोत्सव समिति एवं राजेंद्र सुरी गुरु ज्ञान मंदिर ट्रस्ट एवं जैन श्री संघ मक्षी जी द्वारा लाभार्थी का बहुमान किया गया। दोपहर में स्वामीवत्सय के बाद महापूजन संपन्न हुई। रात को भक्ति आरती एवं लक्की ड्रॉ हुए।

0000000000000000

यूजेएन-2

मोदी के मन की बात को सुना गया

बड़नगर। मोदी की मन की बात से नगर पालिका ने स्थानीय गांधी चौक डाबरी चौक पर सार्वजनिक एलईडी स्क्रीन स्थाई रूप से जनता के लिए लगाई। जिसका लोकार्पण विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या एवं पूर्व प्राचार्य जय सिह राठौर ने किया। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी के मन की बात का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंगिया, सभी पार्षदों सहित एवं नगर पालिका सीएमओ कर्मचारी सहित उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने सभी विषयों पर खुलकर बात की। अब देखना है कि स्थानीय शासन प्रशासन पर इसका कितना प्रभाव पड़ता है।

0000000000000

यूजेएन-3

जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता में शासकीय कन्या शाला संकुल झारड़ा के खिलाड़ियों ने जीते पदक

महिदपुर। नगर के शासकीय कन्या शाला संकुल झारड़ा की विद्यार्थियो ने जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की है। इस प्रतियोगिता में संकुल की खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विभिन्न श्रेणियों में मेडल जीते। संकुल प्राचार्य नवीन कुमार गर्ग, सान्दीपनि विद्यालय की प्राचार्य श्रद्धा विश्वकर्मा, हरिप्रसाद जायसवाल के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिक्षक जितेन्द्र कुमावत. शिक्षिका मोनिका गर्ग, पूजा कुमावत, पायल मीणा.के विशेष सहयोग से संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न कुश्ती कोच आशुतोष दीक्षित के कुशल मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के चलते बालिका कुश्ती स्पर्धा में विभिन्न वर्ग में दिव्या डोडिया, संगीता डोडिया, धैर्या बैरागी, भावना आंजना, ज्योति प्रजापत ने श्रेष्ठप्रदर्शन किया। दिव्या डोडिया ने पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। कुश्ती के साथ-साथ अन्य खेल विधाओं में भी छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया जिनमे एथलेटिक्स, रस्साकशी आदि है। व्यायाम शिक्षक लखन आंजना द्वारा खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इस गौरवशाली उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य नवीन कुमार गर्ग ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित की। उन्होंने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की शिक्षिका और प्रशिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की। खिलाड़ियों की इस जीत से संकुल और क्षेत्र के खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है।

0000000000000

यूजेएन-4

विद्यालय शा.कन्या उमावि महिदपुर में वार्षिकोत्सव स्वर्णिम भारत कार्यक्रम संपन्न

महिदपुर। नगर स्थित शासकीय कन्या उमावि महिदपुर में वार्षिकोत्सव स्वर्णिम भारत कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा क्षेत्र महिदपुर के विधायक दिनेश जैन बोस सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष उमा पाण्डे ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अरूण बुरड़, सगीर बेग, गुलाम मोहम्मद, मुबारक मंसूरी, राजेश सोनगरा, जाकिर हुसैन, राहुल मालवीय, राहुल सौलंकी पत्रकार एवं विद्यालय में पूर्व में पदस्थ शिक्षक नृसिंह जाट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। संस्था प्राचार्य अर्जुनसिंह दावरे एवं विद्यालयीन स्टॉफ द्वारा कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम में विद्यालयीन छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई एवं विद्यालय में संचालित आत्मरक्षा प्रशिक्षण अन्तर्गत बालिकाओं द्वारा साहसिक प्रस्तुतियां भी दी गई तत्पश्चात विद्यालय परिसर में नवनिर्मित महिदपुर का गौरव म्यूजियम का अवलोकन समस्त अतिथियों द्वारा किया गया। जिन्हें समस्त अतिथियों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों द्वारा विद्यालय की बालिकाओं को उनके शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने पर शील्ड एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्ष उमा पाण्डे द्वारा छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दिनेश जैन बोस द्वारा विद्यालय एवं विद्यालयीन छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने हेतु 4 लाख रूपये की घोषण की गई एवं छात्राओं को उनके केरियर के प्रति मार्गदर्शन प्रदान किया गया। संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप कुमार राव एवं भारतसिंह रघुवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पधारें समस्त अतिथियों का आभार संस्था प्राचार्य अर्जुनसिंह दावरे द्वारा किया गया।

00000000000

मक्सी में विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की भव्य शौर्य यात्रा, 200 से अधिक मोटरसाइकिलें रहीं शामिल

मक्सी। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में मक्सी नगर में भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। शौर्य यात्रा में 200 से अधिक मोटरसाइकिलें शामिल रहीं, जिससे नगर का वातावरण जोश, उत्साह और राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। शौर्य यात्रा का शुभारंभ नर्मदा माता मंदिर से किया गया। इसके पश्चात यात्रा मक्सी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई आगे बढ़ी और बस स्टैंड परिसर में समापन हुआ।

बस स्टैंड परिसर में कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व भारत माता के चित्र के समक्ष विधिवत दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बांग्लादेश का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के साथ दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति की सक्रिय उपस्थिति भी रही, जिनकी सहभागिता से आयोजन को विशेष ऊर्जा और गरिमा मिली।

मंचासीन अतिथियों में प.पू. तरुण मुरारी बापू जी (राष्ट्रीय क्रांतिकारी संत), राजेश जादम (विभाग मंत्री, विश्व हिंदू परिषद), महेश प्रजापति (जिला मंत्री), कैलाश सेन (जिला उपाध्यक्ष), ओम गुर्जर (मक्सी प्रखंड अध्यक्ष) एवं सचिन जी चावड़ा (जिला संयोजक) उपस्थित रहे। संचालन प्रखंड मंत्री अनुराग पाटीदार ने किया। जानकारी प्रखंड प्रचार-प्रसार प्रमुख अनिल सिंह खमोरा (विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल) ने दी।

000000000000000

यूजेएन-5

कांग्रेस ने 141 वां स्थापना दिवस मनाया

नागदा। देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र की मजबूती तक निरंतर संघर्ष और सेवा की परंपरा निभाने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में शहर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नागदा-खाचरौद द्वारा पुराना बस स्टैंड नागदा पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक महेश परमार के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष परमार द्वारा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कांग्रेस का ध्वजारोहण किया तथा वरिष्ठ कांग्रेसजनों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत, सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष परमार ने उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम उस कांग्रेस पार्टी के सिपाही हैं जिसने देश की आजादी की लड़ाई में अपनी ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा, धारासिंह सुरेल, शहर अध्यक्ष लोकेश चौहान, खाचरौद ब्लॉक अध्यक्ष जीवन ढोला पाटीदार, नागदा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम चन्द्रवंशी, युकां जिलाध्यक्ष अर्पित यादव, युकां विधानसभा अध्यक्ष विरमसिंह गुर्जर, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि देवीसिंह चन्द्रवंशी, संतोष बरखेडावाला, चन्द्रप्रकाश चौरडिया, अजय शर्मा, अययुब कामरेड, युसुफ पहलवान, सुरेन्द्रसिंह गुर्जर, लोकुमल खत्री, साबीर पटेल, कार्यक्रम प्रभारी केसी वाघेला आदि ने संबोधित कर कांग्रेस के स्थापना दिवस की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। संचालन पार्षद प्रमोदसिंह चौहान ने किया व आभार पीसीसी सदस्य राधे जायसवाल ने माना।

इस अवसर पर युकां ब्लॉक अध्यक्ष रवि शर्मा, पुष्कर पाटीदार, विरेन्द्र गुर्जर, जगदीश गुर्जर, सरपंच प्रवीणसिंह पंवार, उमरावसिंह गुर्जर, बद्रीलाल चन्द्रवंशी, बापूलाल डाबी, रमेश अखण्ड, राजेन्द्र गुर्जर, सुरेश उपाध्याय, नरेन्द्र गुर्जर, जगदीश शर्मा, पार्षद मेघा धवन, वासुदेव चौहान, लखन गौहर, रतनलाल चन्द्रवंशी, मांगुसिंह गुर्जर, मानसिंह गुर्जर, शिवनारायण चौधरी, कमलेश चावण्ड, अययुब मेव, फखरू खान, नागेश्वर पाटीदार, अर्जुनसिंह रतन्याखेडी, उंकारलाल पाटीदार, लाला बन्ना, राजेश गुर्जर, हीरालाल गुर्जर, हीरासिंह सोलंकी, दिलीप मुकाती, भरत पाटीदार, सरदार पहलवान, मुकेश खटाना, राजु खटाना, सुरेन्द्र साहनी, देवेन्द्र नागर, हर्षद शुक्ला, लक्ष्मीनारायण शर्मा, हेमन्त मेहता, पिन्टु राजोरिया, राजकुमार पाटीदार, छोटु चौधरी, श्रवण पटेल, ज्ञानेश्वर वत्स, कालुराम जोसिया, सुरेश पाटीदार, रोहित गुर्जर, जितेन्द्र सुनेरी, गजेन्द्रसिंह चौहान, जीवन बघेल, सुशील जैन, भेरूसिंह गुर्जर, मांगुसिंह गुर्जर, रमेश लाडा, नागेश्वर पाटीदार, जीवन गुर्जर, घासीराम सोलंकी, देवराम चौधरी, पदम बोडाना आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर खाचरौद की डॉ. मोनिका त्रिवेद्वी ने कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

000000000000000

यूजेएन-6

गायत्री शक्तिपीठ कार्यकर्ताओं को बैठक में जिम्मेदारियां दी गई

नागदा। भारत कॉमर्स विद्यालय परिसर में गायत्री परिवार द्वारा 108 कुंडी महायज्ञ होने जा रहा है जिसकी रूपरेखा को लेकर तथा 1 जनवरी को भव्य शोभा यात्रा को लेकर गायत्री शक्तिपीठ कार्यकर्ताओं ने चर्चा की। इस मौके पर सभी वार्ड के कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र के भाई-बहन उपस्थित रहे।

ऑटो रिक्शा को लेकर सभी वार्ड में 10-10 ऑटो रिक्शा पहुंचे ऐसे तो सभी कार्यकर्ताओं को मीटिंग में जानकारी दी गई। 108 कुंडी गायत्री परिवार यज्ञ को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंप गई जैसे वाहन पार्किंग, भोजनशाला, यज्ञशाला, पंडाल कार्य क्षेत्र तथा मंच की अलग-अलग जिम्मेदारी सभी कार्यकर्ताओं को दी गई।

शक्तिपीठ नागदा के कार्यकर्ता ममता बैरागी द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को विशेष मीटिंग में आमंत्रित कर सभी को अलग-अलग कार्य योजनाओं के जानकारी प्रेषित की गई। साथ ही कहा गया कि जो कलश सभी वार्ड में प्रदान किये गये है वह दिनांक 1 जनवरी को बडे गणपति मंदिर पर लाना है। जो कलश की स्थापना हर वार्ड में हुई है वह अपने-अपने वाहन द्वारा बड़े गणपति मंदिर पहुंचे। सभी वार्ड में सभी वार्ड से अपने-अपने कलश लेकर 12:00 बजे बड़े गणपति मंदिर कार्यस्थल यज्ञ स्थल पर पर पहुंचे।

1 जनवरी को दोपहर 12:30 पर बिरलाग्राम स्थित बड़े गणेश मंदिर से शोभायात्रा प्रारम्भ होगी इसके पूर्व पूजन होगा व महाआरती का आयोजन होगा तथा इसके बाद शोभायात्रा प्रारंभ होगी। दोपहर 1:00 बजे भव्य शोभा यात्रा बिरलाग्राम से निकलेगी एवं यज्ञ शाला स्थल पर पहुंचेगी।

दिनांक 1 जनवरी को दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक गायत्री महायज्ञ का आयोजन होगा। यह आयोजन गायत्री विश्व परिवार के तत्वाधान में सम्पन्न हो रहा है।

0000000000

यूजेएन-7

अखण्ड हिन्दू सेना महिदपुर नगर एवं तहसील कार्यकारिणी की घोषणा

महिदपुर। अखण्ड हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प.पु. महामंडलेश्वर आचार्य शेखर जी महाराज के आदेशानुसार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज प्रजापत की अनुशंसा पर जिला संयोजक लोकेश अंडेरिया द्वारा महिदपुर तहसील की कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

घोषित तहसील कार्यकारिणी में शंकर सिंह पटेल (आमडी) को तहसील अध्यक्ष, अनिल बघेल (खोरिया सुमरा) को तहसील संयोजक, देपाल सिंह सिसोदिया (काचरिया) को तहसील उपाध्यक्ष, सौरभ दावरे को तहसील विद्यार्थी प्रमुख तथा तन्मय खंडूजा (रोमी) को तहसील मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

इसी क्रम में नगर इकाई में लखन राजपूत को नगर अध्यक्ष, देवेंद्र प्रजापत को नगर संयोजक, लोकेश राव को नगर गो-रक्षा प्रमुख, योगेन्द्र सोलंकी को नगर मंत्री, सहर्ष मिश्रा को नगर उपाध्यक्ष, अरविंद राठौड़ को नगर सह-संयोजक एवं ईशान पांडे को नगर सह-मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर आयोजित बैठक में राम ठाकुर (रसूलपुरा), अखिलेश निधान, प्रकाश मोब्या सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा हिंदू समाज के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी तन्मय खंडूजा (रोमी) द्वारा दी गई।

00000000000

उन्हेल नगर में आज निकलेगी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की शौर्य यात्रा

उन्हेल। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड उन्हेल में गीता जयंती के उपलक्ष में आज सुबह 10.30 बजे पुलिस थाना उन्हेल के सामने भव्य शौर्य यात्रा निकलेगी। यात्रा के पूर्व धर्मसभा रहेगी जिसको कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत विमर्श प्रमुख मुकेश मोलवा संबोधित करेंगे। शौर्य यात्रा उन्हेल नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस सभा स्थल पुलिस थाने के सामने पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन होगा। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड उन्हेल ने सम्पूर्ण हिन्दू समाज से यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया। जानकारी बजरंग दल प्रखंड संयोजक संजय आंजना ने दी।

000000000000000000

यूजेएन-8

धर्मस्व मंत्री लोधी पहुंचे बाबा की शरण में

उज्जैन। मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र लोधी ने श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किये। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा स्वागत एवं सत्कार किया गया।

0000000000

यूजेएन-9

पूर्व सैनिक प्रतिनिधिमंडल ने श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किए

उज्जैन। 54वें विजय दिवस 27वें कारगिल विजय दिवस तथा राष्ट्र की सर्वाधिक सफल सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में भारतीय सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, कर्नल पीवी हरि के नेतृत्व में पवित्र विजय अमृत कलश के साथ श्री महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन कर मंदिर परिसर में विजय अमृत कलश पर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासन द्वारा पूर्व सैनिकों के इस गरिमामय आगमन के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। महाकालेश्वर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर एवं आईटी शाखा प्रभारी दीपक परमार द्वारा पूर्व सैनिक प्रतिनिधिमंडल का सम्मान एवं सत्कार किया गया।

०००

यूजेएन-10

आस्था के केंद्र मंदिर, संस्कृति के संवाहक पुजारी- धर्मेंद्र सिंह लोधी

पुजारी उन्नयनकरण कार्यशाला में दिया देवालयों के प्रशासन, प्रबंधन, पारदर्शिता, अनुशासन एवं जनसुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण

उज्जैन। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, मध्यप्रदेश शासन तथा कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में पुजारी उन्नयनकरण कार्यशाला (उज्जैन संभाग) का आयोजन 28 दिसम्बर रविवार को पं. सूर्यनारायण व्यास सांस्कृतिक संकुल, कालिदास संस्कृत अकादमी में किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश के पुजारियों को धार्मिक परंपराओं, पूजा-विधि एवं शास्त्रीय कर्मकाण्ड की सम्यक जानकारी देना है, साथ ही उन्हें सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक दायित्वों और समयानुकूल भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला के माध्यम से देवालयों के प्रशासन, प्रबंधन, पारदर्शिता, अनुशासन एवं जनसुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे मंदिरों का संचालन अधिक सुदृढ़, सुव्यवस्थित और जनहितैषी बन सके।

इस पहल के माध्यम से पुजारियों को आस्था के साथ-साथ समाज के मार्गदर्शक के रूप में सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि मंदिर सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और लोककल्याण के प्रभावी केंद्र के रूप में अपनी भूमिका निभा सकें। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, मध्यप्रदेश शासन ने कहा कि सनातन परंपरा हमारी आस्था, संस्कृति और जीवन मूल्यों का केंद्र है। इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए पुजारियों का सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है।

उक्त कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा-देवस्थान दर्शन उज्जैन संभाग, पुस्तिका, दिनदर्शिका, डायरी में राम- पुस्तिका का विमोचन किया गया।

०००

नगर पालिका उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया

नागदा। नागदा नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष के खिलाफ जिला कलेक्टर को 12 पार्षदों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन 26 दिसंबर को स्वयं पार्षदों ने कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दिया गया।

नगर पालिका नागदा के उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पार्षदो ने इसलिए पेश किया गया कि वर्ष 20 जुलाई 2022 में 22 पार्षदों को नागदा की जनता अपार जन समर्थन से भाजपा को निर्वाचित किया। निर्वाचित होने की वजह विमला चैहान पूर्व अध्यक्ष, शोभा यादव पूर्व अध्यक्ष, गोपाल यादव पूर्व अध्यक्ष, राजेन्द्र अवाना पूर्व अध्यक्ष, अशोक मालवीय पूर्व अध्यक्ष सभी का स्वर्णिम कार्यकाल रहा नतीजा भाजपा की परिषद 22 पार्षदों के साथ बहुमत में आई लेकिन 3 वर्ष का कार्यकाल समाप्त हो रहा है हमने सड़क, शुद्ध पेयजल, साफ सफाई के मुद्दे पर चुनाव जीता। वर्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की कार्यप्रणाली इन तीनों मुद्दों पर असफल रही। सड़कों की क्या हालात है हमारे शहर को अशुद्ध पेयजल पिलाया जा रहा। फिल्टर प्लांट जैसे चीज बन्द पड़ी हमारे शहर में सफाई का हालात क्या है वो किसी से छूपा नहीं है जनता हमसे जवाब मांग रही है।

नपा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा भ्रष्टाचार की बंदरबाट की जा रही शहर का काम अवरूद्ध पड़ा है। लगभग 225 प्रस्ताव में से 150 प्रस्ताव पर काम ही नहीं तो पाया राजनैतिक संरक्षण के प्राप्त होने से म.प्र. न.पा. अधिनियम 1961 की धारा 43 के अन्तर्गत नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 2 वर्ष के अन्तर्गत लाने का प्रावधान था। लेकिन पूर्व में भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। लेकिन राज्य सरकार ने 2 वर्ष के प्रावधान को 3 वर्ष कर दिया फिर जागरूक पार्षदों ने 3 वर्ष उपरान्त फिर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। लेकिन राजनैतिक संरक्षण के वजह से 3 वर्ष के प्रावधान को साढ़े चार वर्ष कर दिया गया। लेकिन जिला कलेक्टर के पत्र क्रं. 248/25/ दिनांक 18.09.2025 के परिपत्र में याचिकाकर्ता को अवगत कराया गया कि यदि उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव चाहते है तो संशोधित मांग पत्र यदि पार्षदों द्वारा पेश किया जाता है। विधि अनुसार कल 12 निर्वाचित पार्षदों के परिवर्तित विधिक प्रावधानों के तहत उपाध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। अविश्वास प्रस्ताव में धारा 54 के अन्तर्गत 6 से 8 माह में परिषद की बैठक धारा 59 परिषद की आहुत बैठक का सभापति कौन अध्यक्ष सदन में मौजूद है और आहुत सम्मेलन को उपाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत संचालित करते हैं। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष नियमों के विपरीत नगर पालिका संचालित की जा रही है तथा धारा 71 की विभागीय समिति के 80 प्रतिशत पार्षदों के त्यागपत्र पश्चात धारा 70 के अन्तर्गत पीआईसी कर 40-40 लाख रूपये के प्रस्ताव 1-1 लाख के हजारों फर्जी बिल बनाकर पिछले 3 वर्षो से व 42 लाख रू. की रोटरी जिसमें बाज पिंजरे में बंद है, तथा बद्रीविशाल चैक पर 85 हजार रूपये का त्रिशूल आदि के कार्य करके करोड़ो रूपये का भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इसलिए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सांठगांठ कर नियमों की अनदेखी तथा शहर के प्रमुख मुद्दे सड़क शुद्ध पेयजल सफाई मुद्दों से भटक रहे हैं। इसलिए जो जनप्रतिनिधि जिन्होने अच्छे कार्य किये जिसके कारण हमारी परिषद लगातार 4 बार निर्वाचित हुई। लेकिन वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष को तो बचा लिया गया। लेकिन उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका में प्रारूप 1 से 7 तक की जांच 30 दिवस की समय अवधि याचिका संख्या 6992/2025 दिनांक 15.12.2025 में जिलाधीश को अपनी जांच पूरी की जाना है। ऐसे में नपाध्यक्ष पीआईसी के सभापति व नपा अधिकारियो को कैसे बचा पायेंगे? जनता को हमें नगर पालिका अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा करोड़ों के भ्रष्टाचार किये जा रहे हैं। इसलिए परिषद के उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जा रहा है। अविश्वास प्रस्ताव पर वरिष्ठ के निर्वाचित पार्षदों में उषा रामू सिसोदिया, शिवकुमार पोरवाल, मंजु राजेश गगरानी, सीमा भूपेन्द्र राणावत, अन्तिम आशीष मावर, महेन्द्रसिंह चैहान, शशिकांत मावर, स्नेहलता सेंगर, सतीश कैथवास, उषा नरेश यादव, साहिल शर्मा, सुमित गोलू यादव ने हस्ताक्षर कर शहर के समग्र विकास सुशासन परिषद भ्रष्टाचार मुक्त हो इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। जानकारी वार्ड 16 की पार्षद अंतिम आशीष मावर ने दी है।

०००

आध्यात्मिक और रोजगार इकाई का सम्मान

उज्जैन। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा आध्यात्मिक और रोजगार ब्राह्मण महिला इकाई की सदस्यों को अलग अलग क्षेत्र में सम्मानित किया गया। जिसमें समीक्षा व्यास को रोजगार उद्यमी एवं समाज सेविका सम्मान, सोनाली जोशी को राजनीति के क्षेत्र में, तरुणा जोशी को कला एवं समाज सेविका के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद महाराज थे। अखिल भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी, राष्ट्रीय पदाधिकारी महिला इकाई निशा त्रिपाठी, अंजना शुक्ला, कीर्ति मोड़, अर्चना ज्ञानी, वर्षा जोशी, मंजू व्यास, संध्या व्यास, अलका व्यास, नेहा व्यास, दीप्ति त्रिवेदी, ऋचा जोशी, सुरक्षा तिवारी, अनामिका व्यास, अर्चना उपाध्याय, मीना उपाध्याय, नेहा उपाध्याय, प्रीति शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।